महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

Website: www.mjpru.ac.in, NAAC Acredited - A++

पत्रांक : रू.वि. / प्र.प.प्र. / 2024 / 812- 820 दिनांक : 22.08.2024

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष
विश्वविद्यालय परिसर, बरेली

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय,
एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

विषय : स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (सत्र 2024–25) में ऑनलाईन पंजीकरण के माध्यम से होने वाले प्रवेश हेतु नियम व दिशा निर्देश।

महोदय / महोदया,

कृपया कार्यालय के पत्र संख्या पत्र संख्या रू.वि. / प्र.प.प्र. / 2024 / 810 दिनांक 21.08.24 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर पर (एम.ए., एम.एस.सी., एम.कॉम., बी.लिब., एम.लिब., एम.एस.डब्लू., बी.पी.एड., पी.जी. डिप्लोमा, तथा (स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत एल.एल.बी.–त्रिवर्षीय / एम.एड.) इत्यादि ऑनलाईन प्रवेश के सम्बन्ध में तिथियाँ निर्धारित की गयी थीं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा दिनांक 23, 24, 25 एवं 30 व 31 अगस्त 2024 को उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस पदों पर सीधी भर्ती–2023 की लिखित परीक्षा का पुनः आयोजन होने के कारण प्रवेश परीक्षा की शुचिता के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा अवकाश घोषित करने के कारण सक्षम स्तर पर दिये गये आदेश के अनुपालन में स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश सुनिश्चित किये जाने की तिथियाँ निम्नवत संशोधित की जाती हैं:–

क्र.	विवरण	निर्धारित तिथि
1	विश्वविद्यालय पोर्टल पर शुल्क रू. 150 / – प्रति छात्र की दर से जमा कर छात्रों को ऑनलाईन प्रवेश हेतु आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि	23.07.2024
2	विश्वविद्यालय पोर्टल पर शुल्क रू. 150 / – प्रति छात्र की दर से जमा कर छात्रों को ऑनलाईन प्रवेश हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि	22.08.2024
3	महाविद्यालय में ऑनलाईन मेरिट तैयार कर प्रर्दशित कर मेरिट के अनुसार उ.प्र. शासन / विश्वविद्यालय एवं अन्य नियामक संस्थाओं के नियमों तथा आरक्षण हेतु निर्धारित नियमों के अधीन प्रवेश सुनिश्चित करने की अन्तिम तिथि	23.08.2024 से 04.09.2024 तक

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समन्वयक, ऑनलाईन प्रवेश।
2. वित्त अधिकारी
3. मीडिया प्रभारी
4. परीक्षा नियंत्रक।
5. उप–कुलसचिव (सम्बद्धता)
6. निजी सचिव–कुलपति, मा. कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
7. वै.सहा., कुलसचिव।
8. प्रभारी, विश्वविद्यालय बेवसाईट।

कुलसचिव